BHADOHI POLICE

सराहनीय कार्य, जनपद भदोही

दिनांक 04.03.2025

◆विवाहिता के साथ मारपीट, गाली-गलौज व दुष्कर्म करने तथा दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोपी गिरफ्तार

◆वैज्ञानिक विवेचना, अचूक साक्ष्य संकलन व मा0 न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर आरोपी को शीघ्र ही कराया जाएगा दंडित

दिनांक-08.01.2025 को पीड़िता/वादिनी मुकदमा द्वारा सूचना दिया गया कि आरोपी ससुरालीजनों द्वारा दहेज की मांग को लेकर मारपीट व गाली-गलौज करते हुए प्रताड़ित किया जा रहा है एवं आरोपी देवर द्वारा दुष्कर्म किया गया। सूचना पर तत्समय ही आरोपी पति सहित ससुराली जनों के विरुद्ध थाना भदोही में मु0अ0सं-16/2025 धारा-147,323,504,506,376 व 498ए भा0द0वि0 व 3/4 डी.पी. एक्ट का अभियोग पंजीकृत करते हुए विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई।

श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा महिला सम्बन्धित अपराध में त्वरित कार्यवाही एवं पंजीकृत अभियोग से सम्बंधित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में आज दिनांक-04.03.2025 को थाना भदोही पुलिस टीम द्वारा उक्त अभियोग से सम्बंधित आरोपी पीड़िता के देवर निजामुद्दीन पुत्र सुलेमान निवासी सियरहां थाना व जनपद भदोही को ग्राम सियरहां से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के उपरांत चालान मा0 न्यायालय किया गया।

पंजीकृत अभियोग में पुलिस द्वारा वैज्ञानिक विवेचना, अचूक साक्ष्य संकलन व मा0 न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर आरोपी को शीघ्र ही दंडित कराया जाएगा।